Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 14-12-2005

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

an>

Title : Need to provide financial assistance to drought affected areas of Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके मार्फत मंत्री जी का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण और गंभीर विाय की ओर आकर्ाित करना चाहता हूं। राजस्थान में खरीफ फसल में देर से आई वर्ाा के कारण ज्यादातर गांवों में हुई खराबी को देखते हुए राज्य सरकार ने 22 जिलों के 15,878 गावों को अभावग्रस्त घोाित किया है। इसके अलावा कई जगह गिरदावरी की रिपोर्ट भी गलत दी गई है। मैं कहना चाहता हूं कि वहां दुबारा गिरदावरी कराई जाए। प्रदेश में 6,877 गांव ऐसे हैं जहां 75 से 100 फीसदी तक फसल नट हो गई है, बाकी 8,901 गांवों में 50 से 74 फीसदी खराबी हुई है। सबसे ज्यादा खराबी जयपुर, अजमेर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, भीलवाड़ा, डुंगुरपुर और जैसलमेर क्षेत्रों में हुई है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि अकाल राहत कार्यों के तहत लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु, पीने का पानी और पशुओं के चारे आदि के लिए 2,323 करोड़ रुपये की सहायता राज्य सरकार को दी जाए। जो लोग बेरोजगार हो गए हैं, भुखमरी के कगार पर हैं, उनके लिए भी केन्द्र सरकार को मदद करनी चाहिए, ऐसी मेरी प्र ार्थना है। धन्यवाद।